तापमान

अधिकतम 33.2 डिग्री

न्यूनतम 21.6 डिग्री

हरिभूमि

महासमुंद भूमि

रायपुर, बुधवार 7 अक्टूबर 2026

सरायपाली | बसना | पिथौरा | बागबाहरा | तुमगांव | खरियार रोड

12 सेवा सेतु शिविर में नागरिकों को मिल रहा...



12 बाहर कचरा फेंकने वालों पर होगी कड़ी कार्रवाई



औद्योगिक सुरक्षा एवं फायरमैन अग्निशमन प्रशिक्षण के द्वारा नौकरी सुनिश्चित करें : फायर सेफ्टी

भिलाई। संस्था फायर एवं सेफ्टी प्रशिक्षण केंद्र निजी संस्थान है, भिलाई में रोजगार मुखी प्रशिक्षण हेतु भर्ती योग्यता 10वीं 12वीं एवं स्नातक एवं स्नाकोत्तर किसी भी संकाय आयु 17 से 40 वर्ष फायर एवं औद्योगिक सुरक्षा डिग्री डिप्लोमा कार्यरत कर्मचारी पार्ट टाइम फुल टाइम प्रशिक्षण कर सकते है, मान्यता प्राप्त प्रशिक्षण संस्थान एवं रोजगार विकास हेतु पंजीकृत FSDMI BHILAI मान्यता प्राप्त संस्था द्वारा विशेष प्रशिक्षण अग्निशमन एवं औद्योगिक सुरक्षा प्रबंधन पाठ्यक्रम संचालित किया जा रहा है प्रशिक्षण कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य छात्र-छात्राओं को रोजगार उपलब्ध कराना है, फायर एवं औद्योगिक सुरक्षा की नियुक्ति फायर स्टेशन, कारखाने, खदानों, माइनिंग, पावर प्लांट, कार्गो हब फैक्ट्री कारखाने सरकारी एजेंसी, इंश्योरेंस कंपनी एवं अन्य जगहों में फायर अधिकारी, ट्रेनर, फायरमैन, औद्योगिक सुरक्षा निरीक्षक, सेफ्टी मैनेजर, फायर सुपरवाइजर, टीम लीडर जैसे अन्य पदों हेतु अवसर मिलते हैं तथा भविष्य में पदोन्नति की भरपुर संभावनाएं होती है साथ ही फायर एवं सेफ्टी ऑफिसर स्वयं रोजगार के लिए समर्थ होते हैं अनुमानित जानकारी के अनुसार छत्तीसगढ़ राज्य में बने नए जिलों में अनुमानित लगभग 2000 फायरमैन एवं अग्निशमन वाहन चालक की भर्तियां आने की संभावना है, संस्था से प्रशिक्षण प्राप्त कर छात्र-छात्राएं



विभिन्न कंपनियों जैसे रक्षा मंत्रालय भारत सरकार (DRDO), भिलाई स्टील प्लांट, रेल मंत्रालय ब्रेथवेट कंपनी लिमिटेड, पावर प्लांट, सीमेंट प्लांट, स्टील प्लांट, एवं अन्य कंपनियों में ठेकेदारी बेस से कार्यरत कर रहे है संस्था FSDMI भिलाई में चल रहे 6 माह, 1 वर्षीय, फायर एवं सेफ्टी प्रशिक्षण की जानकारी सूचना केंद्र में बताई जाएगी, संस्था द्वारा उपलब्ध सुविधाएं प्रशिक्षण के दौरान आत्मनिर्भरता के लिए सुविधा अनुसार पार्ट-टाइम, फुल-टाइम नौकरी दिलवाने में सहायता की जाती है जिससे छात्र-छात्राएं अपनी प्रशिक्षण की शुल्क एवं रहने और खाने क्या खर्च स्वयं से निकाल सकते हैं, प्रशिक्षण प्राप्त उम्मीदवारों एवं सफल अभ्यार्थियों को सरकारी प्रमाण पत्र प्रदान किया जावेगा। प्रशिक्षण उपरांत छात्रों को निजी कंपनियों में नौकरी लगने में सहायता की जाती है, सभी जाति वर्ग के (SC, ST, OBC, GENERAL) संस्था के द्वारा प्रशिक्षण शुल्क में विशेष छूट दी जाएगी। **अधिक जानकारी के लिए-**

पता: फायर सेफ्टी एवं डिजास्टर मैनेजमेंट इंस्टीट्यूट, (निजी संस्थान) इंदिरा गांधी इंग्लिश मीडियम स्कूल, नजदीक गदा चौक, सुपेला भिलाई, दुर्ग (छ.ग.)

संपर्क करें: मो. 7697212782

Advt.

खबर संक्षेप

गिधामुड़ा में सोलर पंप, केबल वायर चोरी

महासमुंद। ग्राम गिधामुड़ा में लगे तीन सोलर पंप को क्षतिग्रस्त कर पंप, पाइप और केबल वायर चोरी के मामले में अज्ञात आरोपी के विरूद्ध बसना थाने में अपराध दर्ज किया गया है। पुलिस को बेदलाल साव निवासी गिधामुड़ा ने बताया कि उसने तीन वर्ष पूर्व क्रेडा के माध्यम से सोलर पंप लगाया था। 28 सितंबर को अज्ञात चोरों द्वारा सोलर पंप, 150 पाइप, 160 फीट केबल वायर को चोरी कर लिया गया। मामले की रिपोर्ट पर अज्ञात आरोपी के विरूद्ध जुर्म दर्ज किया गया है।

दामाद ने की मारपीट

महासमुंद। ग्राम लाफिनखुर्द में एक व्यक्ति के साथ उसके दामाद ने मारपीट कर दी। मामले की रिपोर्ट पर सिटी कोतवाली थाने में आरोपी के विरूद्ध मामला दर्ज किया गया है। प्रार्थी भानूप्रताप मार्कंडे ने पुलिस को बताया कि 4 अक्टूबर की रात्रि लगभग 10.30 बजे उसका बहन दामाद मुकेश निराला उसकी मां राधिका मार्कंडे एवं बहन पार्वती निराला के साथ घरेलू बात को लेकर लडाई-झगड़ा कर रहा था, जब उसने समझाने की कोशिश की तो मुकेश ने गाली गलौज कर लकड़ी के डंडे से मारपीट कर दी। साथ ही जान से मारने की धमकीदी। मामले की रिपोर्ट पर आरोपी के विरूद्ध धारा 115(2), 296, 351(3) बीएनएस के तहत अपराध दर्ज किया गया है।

पड़ोसी ने की मारपीट, सिटी कोतवाली में जुर्म दर्ज

महासमुंद। ग्राम बेलसोंडा में मारपीट के मामले में आरोपी पिता-पुत्र के विरूद्ध सिटी कोतवाली थाने में अपराध दर्ज किया गया है। बेलसोंडा का दुर्गेश धीवर 5 अक्टूबर की रात 8 बजे अपने घर के बाहर में था, उसी समय पड़ोसी ताराचंद धीवर पुरानी बात को लेकर उसके साथ गाली गलौज करने लगा, जिसे मना करने पर हाथ मुक्का और डंडे से मारपीट की। यह देखकर आरोपी के बेटे ने भी वहां आकर मारपीट की। मारपीट से दुर्गेश के बांए आंख व सिर के पीछे चोटें आई। मामले की रिपोर्ट पर आरोपियों के विरूद्ध धारा 115(2), 296, 3(5), 351(3) बीएनएस के अंतर्गत मामला दर्ज किया गया है।

छलक रहे जलाशयों से ग्रीष्मकालीन फसलों के लिए मिलेगा भरपूर पानी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ महासमुंद

मानसून की विदाई का अब अंतिम चरण चल रहा है। हालांकि इस बार मौसम विभाग ने कम वर्षा की संभावना जताई थी। पर, इस बार इतनी बारिश हुई कि पिछले 6 साल का रिकॉर्ड टूट गया। इस मानसून में एक जून से अब तक जिले में कुल 1243 मिमी बारिश हो चुकी है। इससे पहले आज 5 अक्टूबर तक की स्थिति में वर्ष 2020 में कुल 1305 मिमी बारिश हुई थी। इस बार की बारिश ने जिले के बड़े जलाशयों से लेकर छोटे जलाशय क्षमता से अधिक भरकर ओव्हर फ्लो हो गए।

बता दें कि इस वर्ष मानसून सीजन में 119.5 मिमी औसत बारिश दर्ज की गयी है। मानसून के आगमन के पहले अनुमान लगाया जा रहा था, कि इस वर्ष कम बारिश होगी। जून माह में सबसे कम बारिश हुई थी। कुल 59 मिमी बारिश जून में दर्ज की गई थी, लेकिन जुलाई महीने में कुल 665 मिमी रिकार्डतोड़ बारिश दर्ज की गई। वहीं अगस्त महीने में कुल 319 मिमी बारिश दर्ज की गई। वहीं सितंबर महीने में कुल 200 मिमी बारिश दर्ज की गई। 2026 में जुलाई और अगस्त महीने में ही बारिश का कोटा पूरा हो गया था। पिछले पांच वर्षों की तुलना में इस वर्ष ज्यादा बारिश दर्ज की गई। इससे नदी, नाले उफान पर रहे और आम जनता को भी परेशानियों का सामना करना पड़ा। एक जून से अब तक जिले में कुल 1243 मिमी बारिश दर्ज की गयी। जिसमें सबसे अधिक पिथौरा में 1430.7 मिमी, सरायपाली में 1359.5 मिमी, बसना में 1211.5 मिमी, महासमुंद में 1171.3 मिमी, बागबाहरा में 1155.7 मिमी और कोमाखान में 1129.6 मिमी सबसे कम बारिश हुई है।



छह सालों का बारिश का रिकॉर्ड टूटा, जलाशय हुए लबालब

दोनों नहरों से लगातार छोड़ा जा रहा पानी

जानकारी के अनुसार 2020 में 1305.9 मिमी, 2021 में 932.6 मिमी, 2022 में 1161.8 मिमी, 2023 में 1072 मिमी, 2024 में 969.8 मिमी, 2025 में 1028.6 मिमी और 2026 में 1243 मिमी बारिश दर्ज की है। जानकारी के अनुसार पिछले 10 अगस्त से कोडार के दोनों नहरों से लगातार फसल के लिए पानी छोड़ा जा रहा है। बावजूद आज की स्थिति में कोडार 82 प्रतिशत भरा है। पिछले माह बारिश के दौरान कोडार निर्धारित क्षमता से अधिक भरकर ओव्हर फ्लो हो गया था। कोडार जलाशय की कुल क्षमता 149 मिलियन क्यूबिक मीटर है। इसमें इस साल 140.6 मिलियन क्यूबिक मीटर पानी जमा है। इससे महासमुंद क्षेत्र के 16 हजार 754 हेक्टेयर खेतों में सिंचाई होती है। दूसरे प्रमुख मध्यम जलाशय केशवा नाला में भी 93.50% पानी भर चुका है। इसकी कुल क्षमता 17.85 मिलियन क्यूबिक मीटर है और इसमें अब तक 10.5 मिलियन क्यूबिक मीटर पानी जमा है। इससे 3 हजार 846 हेक्टेयर फसल क्षेत्र की सिंचाई होती है। मालूम हो कि कोडार और केशवा नाला में पर्याप्त पानी होने से रबी में चना, गेहूं, सरसों और दलहन-तिलहन फसलों की सिंचाई के लिए पानी उपलब्ध रहेगा। वहीं 74 लघु जलाशयों के शत-प्रतिशत भरने से आसपास के गांवों में भू-जल स्तर सुधरने और नलकूप-कुओं के रिचार्ज रहने में मदद मिलेगी।

विरोध-प्रदर्शन: महात्मा गांधी व डा भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा पर किया माल्यार्पण

कांग्रेसियों ने किया मार्चपास्ट, फिर पुतला दहन कर ज्ञानेश कुमार का मांगा इस्तीफा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ महासमुंद

कांग्रेस द्वारा चुनाव आयुक्त के खिलाफ लगातार जारी प्रदर्शन के तारतम्य में मंगलवार को कांग्रेसियों ने ज्ञानेश कुमार के खिलाफ कार्रवाई की मांग को लेकर मार्च पास्ट किया। सैकड़ों की संख्या में जिले भर से पहुंचे कांग्रेसी कार्यकर्ताओं ने जिलाध्यक्ष द्वारिकाधीश यादव के मार्गदर्शन एव प्रदेश कांग्रेस कमेटी के सहप्रभारी विजय जांगिड के नेतृत्व में प्रदर्शन किया।

इस अवसर पर पूर्व मंत्री देवेंद्र बहादुर, पूर्व विधायक विनोद चंद्राकर, पूर्व जिला अध्यक्ष रश्मि चंद्राकर की उपस्थिति में बड़ी संख्या में कांग्रेसजन स्थानीय कांग्रेस भवन में जुटे। विरोध प्रदर्शन के दौरान चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार इस्तीफा दो के नारे के साथ कांग्रेसी गांधी चौक स्थित गांधी प्रतिमा के पास पहुंचे और माल्यार्पण कर अंबेडकर प्रतिमा की ओर पहुंचकर संविधान निर्माता डॉ भीम राव अम्बेडकर की प्रतिमा मे माल्यार्पण कर उपस्थितजनों को संविधान की मूल भावना वोट के अधिकार के संदर्भ में विजय जांगिड द्वारा संकल्प एवं शपथ दिलाई और कहा कि कांग्रेस हर उस व्यक्ति मतदाता के साथ खड़ी है, जिसके साथ चुनाव आयुक्त ज्यादती कर रहा है और जिनको वोट के अधिकार से वंचित किया जा रहा है, उसकी लड़ाई सड़क से ले कर संसद तक और न्याय की दहलीज तक लड़ेंगे।





इस अवसर पर जिला अध्यक्ष द्वारिकाधीश यादव द्वारा राष्ट्र गान के सामूहिक पठन के बाद कांग्रेसजनों से आह्वान किया कि यहाँ लड़ाई हमे मिलकर लंबी लड़नी है और इसके लिए हम सबको एक आवाज में चुनाव आयोग के ख़िलाफ़ अपनी आवाज बुलंद करनी है। द्वारिकाधीश ने कहा कि कांग्रेस पार्टी अपने नेता मल्लिका अर्जुन खड़गे व राहुल गांधी के नेतृत्व में हर मोर्चे पर संघर्ष कर रही है। पूरा देश उनके साथ खड़ा है, यहाँ वोट चोरी की लड़ाई और लोकतंत्र बचाओ का जो अगाज हुआ है उसको हम अंतिम सफलता तक लड़ेंगे। अम्बेडकर प्रतिमा से पदयात्रा पुनः नेहरू चौक में पहुँच कर मुख्य चुनाव आयुक्त का पुतला दहन किया। पूर्व मंत्री देवेन्द्र बहादुर ने केंद्र की सरकार को चोरी की सरकार बताते हुए ज्ञानेश कुमार के बर्खास्तगी की माँग की एवं पूर्व विधायक विनोद चंद्राकर ने केंद्र सरकार को आड़े हाथ लिया और कहा कि मोदी और शाह के संरक्षण में चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार देश के साथ नाइंसाफी कर रहे है।

कार्यक्रम में जुटे कांग्रेसजन

इस अवसर पर जिला कांग्रेस कमेटी के वरिष्ठ नेताओं के साथ भारी संख्या में कांग्रेस जन जुटे थे। इसमें पिछड़ावर्ग प्रदेश अध्यक्ष केशव चंद्राकर, पालिका अध्यक्ष निखिलकांत साहू, जिला उपाध्यक्ष संजय शर्मा, सेवनलाल चंद्राकर, महामंत्री गण, लक्ष्मण पटेल, फ़िरोज मेमन, विजय बंजारे, गणेश शर्मा, शमीम ख़ान, मुकेश यादव सहित ब्लॉक अध्यक्षगण, गुरमीत चावला, खेमराज सिंह, खिलावन साहू, अन्नू चंद्राकर, खिलावन बघेल सहित पूर्व पालिका अध्यक्ष राशि महिलांग, मनोजकांत साहू, रमेश साहू, लक्ष्मी देवांगन, राजू साहू, सोमेश दवे, अशोक अग्रवाल, हीरा बंजारे, मोहित ध्रुव, मानिक साहू, उत्तम राणा, हरि शंकर, राहुल कुलदीप, शहजान पाशा, नरेंद्र सेन, प्रवीण चंद्राकर, प्रदीप चंद्राकर, सचिन गायकवाड़, अमन चंद्राकर, सोनम बंसोड़, मोती साहू, के साथ ही साथ हर्ष शर्मा, गौतम सिंह, नजरुद्दीन भाटी, गंगा राम पटेल, केशव चौधरी, गोविंद साहू, बबलू हरपाल, पार्षद सूरज नायक, दीपक ठाकुर, प्रीति साहू, अजय थवाइत आदि शामिल रहे।

दुकान संचालक से तीन लोगों ने की मारपीट

हरिभूमि न्यूज ▶▶ महासमुंद

दुकान संचालक से मारपीट के



मामले में सरायपाली थाने में तीन लोगों के विरूद्ध जुर्म दर्ज किया गया है। पुलिस को गौरव अविनाशी वार्ड नं 02 वीरेंद्र नगर सरायपाली ने बताया कि उसकी 100 बिस्तर अस्पताल के पास डेली नीड्स की दुकान है। 05 अक्टूबर को वह अपने दुकान में था। दोपहर करीबन 02 बजे लियाकत अली, तौफिक खान, बाबू तीनों दुकान के पास आए। जिनमें से पूर्व के परिचित लियाकत अली ने उससे पैसा मांगा। इस पर प्रार्थी ने कहा कि मेरा उधारी का पैसा अभी तक नहीं दिये हो और फिर पैसा मांग रहे हो। तब लियाकत उसे अपनी मोटर सायकल बिठाकर बस्ती सरायपाली के शंकर तालाब के पास गये, जहां पर लियाकत हाथ मुक्का से मारपीट करने लगा और अपने दोस्त बिट्टू खान और नावेद खान को फोन करके बुलाया। नावेद और बिट्टू ने भी वहां आकर जान से मारनेकीधमकी देते हुए उसके साथ मारपीट की। मामले की रिपोर्ट पर आरोपियों के विरूद्ध धारा 115(2), 296, 3(5), 351(2) बीएनएस के तहत अपराध दर्ज किया गया है।

अवैध महुआ शराब बनाने, बिक्री एवं परिवहन पर कार्रवाई अभियान

शराब की अवैध बिक्री, परिवहन, तीन मामलों में 5 गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ महासमुंद

शराब की अवैध बिक्री और परिवहन के तीन मामलों में जिले की पुलिस ने पांच आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने बताया कि जिला पुलिस महासमुंद द्वारा अवैध महुआ शराब बनाने, बिक्री एवं परिवहन करने वालों के विरूद्ध चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत सभी थाना एवं चौकी क्षेत्रों में लगातार कार्रवाई की जा रही है।

इसी के तहत 05 अक्टूबर को बसना पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि ग्राम दलदली के सामने जंगल रनकोट जाने वाली पगडंडी रास्ते में तीन व्यक्ति अवैध महुआ शराब बिक्री करने के लिए ले जा रहे हैं। पुलिस ने सूचना मिलने के बाद घेराबंदी कर छापामार कार्रवाई की। मौके संदेही विजय कुमार पिता सरोज रति सोनी (30 साल), त्यागी सोनी पिता जगसाय सोनी (29 साल) व महेश राम यादव पिता लक्ष्मण यादव (50 साल) सभी निवासी ग्राम गढ़गांव चौकी भंवरपुर के कब्जे से लगभग 100 लीटर हाथ भट्ठी महुआ शराब (कीमत 20,000 रुपए) को बरामद किया गया।



इसी तरह दूसरे मामलेमें बसना पुलिस को सूचना मिली कि एक व्यक्ति जुपिटर स्कूटी क्रमांक सीजी 06 एचडी 7658 में अवैध रूप से देसी शराब का परिवहन कर रहा है। सूचना पर चौकी भंवरपुर पुलिस टीम ने ग्राम जमदरहा हाई स्कूल के पास पहुंचकर घेराबंदी कर संदिग्ध को पकड़ा। जिसने पूछताछ में अपना नाम सूर्यकांत चौहान पिता तेज कुमार चौहान (19 वर्ष) निवासी ग्राम भैरोपुर थाना सांकरा का रहने वाला बताया। संदिग्ध की तलाशी लेने पर उसके कब्जे से 40 पौवा देशी प्लेन शराब (कीमत 3200 रुपए) को बरामद किया गया। साथ ही परिवहन में प्रयुक्त एक जुपिटर स्कूटी कीमती करीब 50 हजार रुपए को कब्जे में लिया गया। मामले में आरोपी के विरूद्ध धारा 34(2) आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की गई।

तीसरे मामले को लेकर सरायपाली पुलिस ने बताया कि 05 अक्टूबर की रात्रि करीब 8 बजे घटनास्थल ग्राम आवलाचक्का मेन रोड मे आरोपी अमित कुमार बसंत पिता केदारनाथ (32 वर्ष) आंवलाचक्का के कब्जे से 30 लीटर महुआ शराब कीमत करीब 6000 रुपए को बरामद किया गया। इस मामले में आरोपी के विरूद्ध धारा 34(2) आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की गई।

बस का इंतजार कर रहे युवक की बैग में मिला गांजा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ महासमुंद

बैग में गांजा रखकर बस का इंतजार कर रहे एक व्यक्ति को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपी के कब्जे से 2,62,900 रुपए का गांजा बरामद किया गया। मामले में आरोपी के विरूद्ध कोमाखान थाने में अपराध दर्ज किया गया है। पुलिस ने बताया कि एंटी नारकोटिक टास्क फोर्स द्वारा अवैध मादक पदार्थ गांजा की तस्करी, परिवहन तथा बिक्री एवं इंड टू इंड इन्वेस्टिगेशन, फायनेशियल इन्वेस्टिगेशन पर प्रभावी एवं विधिवत कार्रवाई करने हेतु निर्देश प्राप्त हुआ है। जिसके परिपालन में जिले में पुलिस के द्वारा लगातार चेकिंग कार्रवाई की जा रही है। इसी के तहत कोमाखान पुलिस को मुखबीर से सूचना मिली कि एक व्यक्ति बैग में अवैध मादक पदार्थ गांजा लेकर बस का इंतजार कर रहा है। सूचना पर कोमाखान पुलिस के द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए बस का इंतजार करते खड़े व्यक्ति को घेराबंदी कर पकड़ा और पूछताछ की। संदेही ने अपना नाम सोम कालखोर पिता महेश कालखोर (29 साल) निवासी भरतवाड़ा रोड मंगलमूर्ति सोसायटी न्यू ओमनगर पारडी थाना भांडेवाड़ी जिला नागपुर महाराष्ट्र का रहने वाला बताया। उक्त व्यक्ति के बैग की तलाशी लेने पर बैग में कुल 5.258 किग्रा गांजा (कीमत 2,62,900 रुपए) को बरामद किया गया। आरोपी ने गांजा को मुनीगुड़ा (ओडिशा) से नागपुर (महाराष्ट्र) लेकर जाना बताया। आरोपी के विरूद्ध धारा 20(बी)(II)(बी) एनडीपीएस एक्ट पंजीबद्ध किया गया।



भारतीय किसान संघ ट्रैक्टर रैली निकाल कर कल सौंपेंगे ज्ञापन

महासमुंद। भारतीय किसान संघ द्वारा 10 सूत्रीय मांगों को लेकर 8 अक्टूबर को जिला स्तरीय ट्रैक्टर रैली प्रदर्शन किया जाएगा। किसान संघ का आरोप है कि शासन ने किसानों के साथ वादा खिलाफी किया है। भारतीय किसान संघ के जिला उपाध्यक्ष बृजलाल साहू, धनंजय साहू एवं बागबाहरा तहसील अध्यक्ष रोशनलाल साहू ने बताया कि किसान संघ शासन के समक्ष 10 सूत्रीय मांगे रखी। जिसमें प्रमुख रूप से विद्युत विभाग के निजीकरण को रोकने, वर्ष 2022-23 में खरीदी गई धान की एक करोड़ से भी अधिक की बकाया रकम भुगतान कराए जाने, भारतीय किसान संघ द्वारा प्रस्ताव को पारित करने आदि प्रमुख है। बरोंडा चौक से रैली के रूप में कलेक्ट्रेट पहुंचेंगे और शासन के नाम ज्ञापन सौंपेंगे। भारतीय किसान संघ के बैनर तले यह आयोजन पूरे प्रदेश में हो रहा है।

खबर संक्षेप

प्रदेश में बढ़ी मानव तस्करी की घटनाएं



महासमुंद। बढ़ते अपराध, मानव तस्करी और अपहरण जैसी घटनाओं के लिए भाजपा की सरकार को जिम्मेदार ठहराते हुए कांग्रेस पूर्व जिलाध्यक्ष डॉ रश्मि चंद्राकर ने कहा है कि जिले सहित प्रदेश में सरकार का नियंत्रण खत्म हो गया है, कानून और वर्दी का खौफ अपराधियों में खत्म हो चुका है। पूरे प्रदेश अपराधियों की खुली चारागाह बन चुकी है। जरा भी नैतिकता बाकि है तो गृह मंत्री को तत्काल इस्तीफा दे देना चाहिए। डॉ रश्मि ने कहा है कि छत्तीसगढ़ की जनता ने सुरक्षा के नाम पर भाजपा को चुना था। आंकड़े झूठ नहीं बोलते, जिले सहित प्रदेश में युवतियों के लापता होने का मामला दर्ज होती हैं, लेकिन प्रदेश के मुख्यमंत्री और गृहमंत्री सेवा संकल्प के नाम पर मोदी की चाटुकारिता, भाषणों और इवेंटबाजी में व्यस्त हैं। डॉ रश्मि ने कहा है कि पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार के दौरान अभिव्यक्ति ऐप जैसी पहलों से महिलाओं को त्वरित सुरक्षा मिली थी। डायल 112 और पुलिसिंग मजबूत थी। प्रदेश में अपराधियों का खौफ था, लेकिन आज भाजपा के कुशासन में अपराधी बेखौफ हैं और आम जनता खौफजदा है।

प्रधानमंत्री मोदी के 25 वर्ष के सार्वजनिक जीवन के उपलक्ष्य में सेवा ज्योति यात्रा आज

महासमुंद। देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सार्वजनिक जीवन के 25 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में भारतीय जनता पार्टी द्वारा सेवा ज्योति यात्रा का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में महासमुंद शहर मंडल के तत्वावधान में 7 अक्टूबर को प्रातः 9:30 बजे शंकराचार्य भवन में कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम को लेकर भाजपा शहर मंडल द्वारा व्यापक तैयारियां की जा रही हैं। इस अवसर पर पार्टी के वरिष्ठ नेतागण, पदाधिकारीगण, पार्षदगण, शक्ति केंद्र प्रभारी, संयोजक एवं सह-संयोजक, बूथ अध्यक्षगण, महिला मोर्चा सहित सभी मोर्चा एवं प्रकोष्ठों के अध्यक्ष तथा बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहेंगे। शहर मंडल अध्यक्ष महेंद्र सिका, महामंत्री मीना वर्मा एवम अग्रज शर्मा ने सभी वरिष्ठ नेताओं, पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं से कार्यक्रम में निर्धारित समय पर उपस्थित होकर सेवा ज्योति यात्रा में सहभागिता सुनिश्चित करने की अपील की है।

मंथन : शिक्षक फेडरेशन के दो दिवसीय संकल्प अधिवेशन में हुई चर्चा

मोदी की गारंटी पर शिक्षकों की हुंकार अब आश्वासन नहीं, परिणाम चाहिए

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

शिवरीनारायण में छत्तीसगढ़ सहायक शिक्षक समग्र शिक्षक फेडरेशन का दो दिवसीय संगठन समीक्षा, संवाद एवं संकल्प अधिवेशन तेंदुआधाम, शिवरीनारायण स्थित राम मिलेंगे आश्रम में हुआ। प्रदेशभर के ब्लॉक अध्यक्षों, जिलाध्यक्षों एवं प्रदेश पदाधिकारियों की उपस्थिति में संगठन की मजबूती, शिक्षकों की समस्याओं और आगामी रणनीति पर गंभीर मंथन हुआ।

महासमुंद जिले से संगठन के कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष सिराज बक्श, प्रदेश महासचिव आदित्य गौरव साहू, प्रदेश अनुशासन समिति प्रभारी दिनेश नायक, प्रदेश संगठन मंत्री राजा राम पटेल, प्रदेश सलाहकार प्रदीप पटेल, ब्लाक अध्यक्ष बाबू लाल ध्रुव, ब्लॉक अध्यक्ष कमलेश नायक, ब्लॉक अध्यक्ष प्रकाश बघेल, ब्लॉक अध्यक्ष गणेश चौहान, ब्लॉक अध्यक्ष शरण दास शामिल हुए। जिला अध्यक्ष ईश्वर चंद्राकर ने बताया कि संगठन का यह अधिवेशन पदाधिकारियों को उनके कर्तव्य एवं संगठन की मजबूती के लिए आयोजित किया गया था, जो पूरी तरह से सफल रहा है। सभी जिला से ब्लॉक से पदाधिकारी इस अधिवेशन में शामिल होने पहुंचे थे। ईश्वर चंद्राकर ने बताया कि अधिवेशन का प्रमुख मुद्दा 'मोदी की गारंटी' में शिक्षकों से किए गए वादों को पूरा कराना रहा। फेडरेशन ने निर्णय लिया कि पहले विभागीय मंत्री से वार्ता की जाएगी, समाधान न होने पर आगे की रणनीति तय की जाएगी।



विभागीय टीईटी पर 15 दिवस में सकारात्मक पहल की अपेक्षा

अधिवेशन में सर्वसम्मति से यह प्रस्ताव पारित किया गया कि फेडरेशन शिक्षा विभाग से अपेक्षा करता है कि 15 दिवस के भीतर विभागीय टीईटी का कार्यक्रम घोषित करने की दिशा में ठोस पहल की जाए। फेडरेशन का मानना है कि समय पर परीक्षा कार्यक्रम घोषित होने से हजारों शिक्षकों में विश्वास बढ़ेगा और शासन-प्रशासन के प्रति सकारात्मक वातावरण बनेगा। फेडरेशन ने यह भी स्पष्ट किया कि संगठन का उद्देश्य संघर्ष नहीं, समाधान है। हम संवाद के माध्यम से ही हर मुद्दे का हल चाहते हैं। जल्द विभागीय मंत्री से मिलकर टीईटी विभागीय परीक्षा कार्यक्रम घोषित करवाने की पहल की जाएगी। साथ ही मोदी की गारंटी को पूरा करने की अपील करेंगे।

प्रदेश अध्यक्ष रविंद्र राठौर ने कहा, "हमारा संगठन केवल संगठन नहीं, हमारा परिवार है।" उन्होंने पदाधिकारियों से शिक्षकों की समस्याओं के त्वरित निराकरण और संगठन को शिक्षक हितों का सशक्त माध्यम बनाने का आह्वान किया। अधिवेशन में बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, उनके सर्वांगीण विकास और बेहतर शैक्षणिक वातावरण पर विशेष सत्र हुआ। विद्यालयों में नवाचार करने वाले शिक्षकों को प्रोत्साहित करने के लिए फेडरेशन शिक्षक सम्मान शुरू करने का प्रस्ताव रखा गया।

पदाधिकारियों का प्रशिक्षण

संगठनात्मक विकास, नेतृत्व कौशल, अनुशासन, आंदोलन की रणनीति जैसे विषयों पर बसंत कौशिक, कौशल अवस्थी, सुरजीत सिंह चौहान, अश्वनी कुमार कुर्रे, सिराज बख्श, राजू टंडन, देवेंद्र हरमुख एवं शेषनाथ पाण्डेय ने मार्गदर्शन दिया। दिलीप लहरे एवं यशवंत दुबे ने मीडिया मैनेजमेंट एवं सोशल मीडिया पर प्रशिक्षण दिया। दूसरे दिन योग सत्र के बाद नेतृत्व कौशल, पदाधिकारियों के दायित्व और कार्ययोजना पर चर्चा हुई। संध्या सत्र में सांस्कृतिक कार्यक्रम के साथ राम मिलेंगे आश्रम के संस्थापक डॉ आलोक हरवंश ने आध्यात्मिक शिक्षा एवं राम कथा पर उद्बोधन दिया। समापन अवसर पर सभी प्रमुख प्रस्ताव सर्वसम्मति से पारित किए गए। पदाधिकारियों को स्मृति-चिह्न, डायरी एवं प्रमाण-पत्र प्रदान किए गए। व्यवस्था जिला अध्यक्ष जांजगीर हरीश गोपाल, ब्लॉक अध्यक्ष जयप्रकाश कश्यप एवं उनकी टीम ने संभाली। संचालन कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष बसंत कौशिक एवं प्रदेश महासचिव आदित्य गौरव साहू ने किया।

सम्मान निधि से मिला आर्थिक संबल, मधुसूदन पटेल की सफलता बनी किसानों के लिए प्रेरणा

महासमुंद। सेवा संकल्प अभियान के माध्यम से शासन की किसान हितैषी योजनाओं की जानकारी ग्रामीण क्षेत्रों तक पहुंचाने के साथ-साथ पात्र हितग्राहियों को योजनाओं का लाभ दिलाने का कार्य निरंतर किया जा रहा है। इसी क्रम में बसना विकासखंड के शिविर बिछिया सागरपाली में आयोजित कार्यक्रम के दौरान ग्राम डोंगरीपाली, ग्राम पंचायत माधोपाली के कृषक मधुसूदन पटेल ने सम्मान निधि योजना से मिले लाभ और उससे कृषि कार्यों में हुए सहयोग की अपनी सफलता की कहानी साझा की। कृषक मधुसूदन पटेल ने बताया कि खेती-किसानी में समय-समय पर विभिन्न आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए आर्थिक संसाधनों की जरूरत होती है। ऐसे समय में शासन की सम्मान निधि योजना से प्राप्त आर्थिक सहायता उनके लिए संबल बनी। सम्मान निधि से मिली राशि का उपयोग उन्होंने कृषि से जुड़ी आवश्यकताओं को पूरा करने में किया, जिससे खेती के कार्यों को बेहतर ढंग से संचालित करने में उन्हें सुविधा मिली। उन्होंने बताया कि शासन की किसान हितैषी योजनाएं किसानों के लिए आर्थिक सहारा प्रदान करने के साथ-साथ उन्हें खेती को व्यवस्थित और बेहतर तरीके से करने के लिए प्रोत्साहित कर रही हैं। योजनाओं का लाभ मिलने से किसान को यह भरोसा मिलता है कि कृषि कार्यों में आने वाली आवश्यक जरूरतों को पूरा करने में शासन का सहयोग उनके साथ है। शिविर में मधुसूदन पटेल ने अपनी सफलता की कहानी स्वयं की जुबानी साझा करते हुए अन्य किसानों को भी शासन की योजनाओं की जानकारी लेने और पात्रतानुसार उनका लाभ उठाने के लिए प्रेरित किया। उन्हें योजनाओं के प्रति जागरूकता बढ़ाने में योगदान के लिए फल एवं शाल भेंट कर सम्मानित किया गया।

देव संस्कृति विद्यालय में भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा का आयोजन

महासमुंद। देव संस्कृति उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा का आयोजन किया गया। परीक्षा में विद्यालय के 273 बच्चों ने भाग लिया। जिसमें बालक एवं बालिकाएं शामिल है। इस परीक्षा में कुल 100 प्रश्न थे, जिसके उत्तर के लिए चार विकल्प दिए गए थे, जिसमें से एक सही उत्तर को नीला पेन से गोला करना था। विद्यालय के परीक्षा प्रभारी व्याख्याता गरिमा साहू ने कहा कि परीक्षा का उद्देश्य विद्यार्थियों को संस्कृति संबंधी ज्ञान में उत्तरोत्तर वृद्धि करना है। केवल परीक्षा लेना नहीं, बल्कि विद्यार्थियों को ज्ञानवान, संस्कारी, चरित्रवान और राष्ट्र प्रेमी नागरिक बनने के लिए प्रेरित करना है। संस्था के प्राचार्य कुबेर प्रकाश गिरी ने कहा कि भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा से बच्चों के अंदर का ज्ञान, संस्कार एवं नैतिक शिक्षा, महापुरुषों का परिचय, आध्यात्मिक एवं नैतिक विकास, राष्ट्रीय भावना, ज्ञानवर्धक परीक्षा, विद्यार्थियों में रुचि का विकास, भारतीय परंपराओं का संरक्षण, व्यक्तित्व विकास, समाज में अच्छे संस्कारों का प्रसार करना है। संस्था के अध्यक्ष शशि प्रभा थिटे ने कहा कि भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा से विद्यार्थियों में भारतीय संस्कृति, संस्कार और नैतिक मूल्यों के प्रति जागरूकता बढ़ाने वाली परीक्षा है। भारतीय संस्कृति दुनिया की सबसे प्राचीन संस्कृतियों में से एक है, माना जाता है कि भारत दुनिया की सबसे पुरानी सभ्यताओं में से एक है, जिसमें विविधता और समृद्धि सांस्कृतिक विरासत शामिल है।

विश्व मानसिक स्वास्थ्य सप्ताह के तहत वृहद जिला स्तरीय जागरुकता कार्यक्रम हुआ

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

राष्ट्रीय मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम के अंतर्गत मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. रामकेश्वर सिंह कुशवाहा के मार्गदर्शन, जिला कार्यक्रम प्रबंधक नीलू घृतलहरे एवं जिला नोडल अधिकारी (मानसिक स्वास्थ्य) डॉ. सीपी चंद्राकर के विशेष दिशा-निर्देश में 06 अक्टूबर 2026 को स्वामी आत्मानंद शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय के खेल मैदान महासमुंद में विश्व मानसिक स्वास्थ्य सप्ताह के तहत एक वृहद जिला स्तरीय जागरूकता कार्यक्रम हुआ। इस आयोजन को ₹सेवा संकल्प अभियान₹ तथा विकसित भारत अभियान के अंतर्गत ₹नशा मुक्त भारत अभियान₹ से जोड़कर एक महा-अभियान का रूप दिया गया। इस कार्यक्रम में विभिन्न शिक्षण संस्थानों के लगभग 310 छात्र-छात्राओं एवं शिक्षक-



शिक्षिकाओं ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की और समाज को नशामुक्त व मानसिक रूप से स्वस्थ बनाने का संकल्प लिया। इस अवसर पर डॉ. रीता पांडेय (प्राचार्य, महाप्रभु वल्लभाचार्य स्नातकोत्तर महाविद्यालय), डॉ. श्वेतलाना नागल (प्राचार्य, माता कर्मा गर्ल्स कॉलेज), प्रो. डॉ. मालती तिवारी, डॉ. सरस्वती वर्मा, प्रो. राजेश्वरी सोनी, निर्मल कुमार बंजारे, मनहरण ठाकुर, कांति साहू, आशुतोष गिरी गोस्वामी एवं गायत्री चंद्राकर सहित भारी संख्या में शैक्षणिक स्टाफ उपस्थित रहा। कार्यक्रम का सफल प्रस्तुतीकरण एवं संचालन शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय एवं संबद्ध जिला चिकित्सालय के साइकियाट्रिक सोशल वर्कर राम गोपाल खुंटे एवं एसएनओ खोमन लाल साहू द्वारा किया गया। उन्होंने इस वर्ष की वैश्विक थीम ₹निजी अनुभवों को सुना गया₹ असली आवाजें, असली बदलाव₹ पर विस्तार से प्रकाश डालते हुए विद्यार्थियों को अवसाद और मानसिक तनाव से बचने के उपाय बताए। प्रशिक्षक दल ने युवाओं को समझाया कि नशा किस तरह मानसिक स्वास्थ्य को पूरी तरह बर्बाद कर देता है, इसलिए विकसित भारत के निर्माण के लिए मानसिक रूप से स्वस्थ और नशामुक्त होना अनिवार्य है। कार्यक्रम के समापन पर स्वास्थ्य विभाग की ओर से उपस्थित कॉलेज प्राचार्यों एवं विशिष्ट अतिथियों को स्मृति चिन्ह के रूप में मोमेंटो भेंटकर सम्मानित किया गया।

एनसीईआरटी से पधारे डॉ प्रेरणा एवं डॉ डिंपल ने की डाइट की सराहना

महासमुंद। जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान डाइट में एनसीईआरटी नई दिल्ली से लैंगिक समानता जैसे महत्वपूर्ण विषय पर अध्ययन एवं शोधन के लिए डॉ प्रेरणा एवं डॉ डिंपल का आगमन हुआ। इस अवसर पर प्राचार्य अरुण प्रधान एवं उप प्राचार्य उमादेवी शर्मा के नेतृत्व में गर्मजोशी से डाइट परिवार की ओर से अभिनंदन किया गया। राष्ट्रीय शैक्षिक संस्थान से आये दोनों अतिथियों के मध्य संस्थान के साहित्यिक एवं सांस्कृतिक प्रभारी व्याख्याता टेकराम सेन द्वारा अपने काव्यमय अंदाज में समस्त फेकल्टी का परिचय कराया गया एवं डाइट का एक महत्वपूर्ण नवाचार झकास ताली से छात्राध्यापकों द्वारा अभिनंदन किया गया।

इस दौरान प्रार्थना सभा में उपस्थित दोनों अतिथियों द्वारा जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान (डाइट) द्वारा निर्धारित संगीत प्रार्थना सभा की सारहना की गई। उन्होंने कहा कि जिला शिक्षा प्रशिक्षण संस्थान महासमुंद पूरे छग में अपना विशिष्ट स्थान बनाया है। यहां की समस्त गतिविधियां अत्यंत प्रशंसनीय है। उनके द्वारा कला शिक्षा प्रभारी संतोष साहू के कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि सृजनात्मक प्रशिक्षण संस्थान की आत्मा है, इसे निरंतर बनाये रखें। इस दौरान सभी फेकल्टी के क्लास का अवलोकन करते हुये वन टू वन सभी का साक्षात्कार लेते हुये लैंगिक समानता सहित अन्य गतिविधियों की जानकारी ली गई। प्राचार्य अरुण प्रधान ने कहा कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 शिक्षा की उत्कृष्टता का परिचायक है। इस क्षेत्र में डाइट का विशेष योगदान देखने को मिल रहा है। डाइट की ओर से उप प्राचार्य उमादेवी शर्मा, के सिंग सुलमा द्विवेदी, व्याख्याता संतोष साहू टेकराम सेन, सुमन दीवान, दुर्गा सिन्हा, तिलोतमा प्रधान, ईश्वर चंद्राकर, झरना साहू सहित छात्राध्यापकों ने शोध एवं नवाचार के क्षेत्र में की जा रही गतिविधियों से परिचित कराया। कार्यक्रम का संचालन व्याख्याता टेकराम सेन ने किया। आभार प्रदर्शन उप प्राचार्य उमादेवी शर्मा ने किया।

सेक्टर स्तरीय वॉलीबॉल पुरुष प्रतियोगिता में पहली बार फाइनल खेल उपविजेता बना पीजी कॉलेज

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

महाविद्यालय प्राचार्य प्रो. रीता पांडेय के मार्गदर्शन एवं दिलीप लहरे क्रीड़ा अधिकारी के नेतृत्व में शासकीय महाप्रभु वल्लभाचार्य स्नात्तकोत्तर महाविद्यालय महासमुंद की वॉलीबॉल टीम ने 5 एवं 6 अक्टूबर को सेक्टर स्तरीय वॉलीबॉल प्रतियोगिता सिमगा में भाग लिया एवं पहली बार उपविजेता का खिताब अपने नाम किया महासमुंद ने अपने पहले मैच में शासकीय महाविद्यालय बसना को आसानी से हराकर अगले राउंड में प्रवेश किया। क्वार्टर फाइनल में शासकीय महाविद्यालय सराईपाली को हराकर पिछले साल के उपविजेता बैकुंठ के साथ सेमीफइनल में भिड़ंत हुआ, जिसमें महासमुंद की टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए लगातार दोनों सेट अपना नाम कर फाइनल में प्रवेश किया। फाइनल मैच गत वर्ष की विजेता पिथौरा महाविद्यालय के साथ खेला गया, जिसमें महासमुंद का शानदार प्रदर्शन रहा और टीम उपविजेता रही। टीम के स्टार खिलाड़ी अजय ध्रुव (कप्तान), राजवीर, विकास, पूरब, रुद्राक्ष, पूनम, खिलेंद्र, तुषार, मोहित, वरुण, सूरज रहे। खिलाड़ियों के प्रदर्शन के आधार पर राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के लिए खिलाड़ियों का चयन किया गया। जिसमें महासमुंद के 3 खिलाड़ी अजय ध्रुव, राजवीर, विकास का चयन हुआ, जो कि 13 एवं 14 अक्टूबर को तिल्दा महाविद्यालय में आयोजित राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में सेक्टर का प्रतिनिधित्व करेंगे। महाविद्यालय प्राचार्य एवं कोच मुकेश पेंडरिया सहित महाविद्यालय के सभी अधिकारी एवं कर्मचारियों ने खिलाड़ियों को शुभकामनाएं प्रेषित किया।



एक पेड़ मां के नाम का प्रचार और हजारों पेड़ अडानी के नाम समर्पित करना भाजपा का दोहरा चरित्र : आलोक

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

कांग्रेस के प्रदेश संयुक्त महासचिव

- आदिवासियों की देवभूमि हसदेव के हरे भरे जंगलों की अंधाधुंध कटाई की जा रही है

व छत्तीसगढ़ जीव जंतु कल्याण बोर्ड के उपाध्यक्ष आलोक चंद्राकर ने कहा कि पहले ही आदिवासियों की देवभूमि हसदेव के हरे भरे जंगलों की अंधाधुंध कटाई की जा रही है। एक खदान से अगले 18 साल तक कोयले की आपूर्ति संभव होने के बाद भी हसदेव में लाखों पेड़ काटकर नई खदानें शुरू की गईं। अब बैलाडीला के जंगलों पर भाजपा सरकार की गिद्ध दृष्टि पड़ गई है। एक तरफ भाजपा के लोग एक पेड़ लगाकर उसे मां का नाम दे रहे हैं वहीं दूसरी तरफ लाखों पेड़ अपने उद्योगपति मित्र को समर्पित कर प्रदेश को जंगल विहीन बनाने की मुहिम चला रहे हैं।

उन्होंने कहा कि बैलाडीला की पहाड़ियों में स्थित डिपॉजिट 13 और नंदराज पर्वत को बचाने के लिए 18 गांवों के लोग नंदराज बचाने संयुक्त पंचायत जन संघर्ष समिति के बैनर तले फिर से एकजुट हो गए हैं। बैलाडीला के पीछे बसे तामोडी गांव में हुई बैठक में गमपुर, डोडीतुमनार, हिरोली समेत 18 गांवों के प्रमुख शामिल हुए। पर्यावरण बचाओ मंच, मूलवासी बचाओ मंच और आदिवासी समाज ने भी आंदोलन में शामिल होने की सहमति दी है।



आलोक ने कहा कि ग्रामीणों के सवाल जायज हैं कि पांचवीं अनुसूची क्षेत्र में ग्राम सभा को महत्व क्यों नहीं दिया गया। पूर्व की ग्राम सभा शून्य होने के बाद बिना ग्राम सभा के पेड़ों को काटने की अनुमति कैसे मिली। यदि कोई नई ग्राम सभा आयोजित हुई तो उसकी पंजी सार्वजनिक की जाए। अदानी की लीज निरस्त होने के बाद एनसीएल को किन शर्तों पर लीज दी गई और एनएमडीसी डिपॉजिट 13 पर अपनी स्थिति स्पष्ट करे। उन्होंने बताया कि डिपॉजिट 13 तक पहुंचने के लिए रास्ता तैयार करने के नाम पर प्रथम चरण में करीब 7200 पेड़ों की कटाई की अनुमति दी गई है और वन विभाग ने पेड़ों की मार्किंग भी कर दी है। ठेकेदार के माध्यम से कटाई शुरू भी कर दी गई है जबकि खनन क्षेत्र में होने वाली कटाई अलग से होगी।

यह सरकार जल जंगल जमीन को उद्योगपतियों को सौंपकर आदिवासियों किसानों से उनकी जमीन छीनकर उन्हें मजदूर बनाने पर तुली है। जिसे बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। छत्तीसगढ़ की पहचान जल, जंगल, जमीन को भाजपा सरकार खत्म करने की मंशा से काम कर रही है। आने वाली पीढ़ी भाजपा को कभी माफ नहीं करेगी।

वीरांगना महारानी दुर्गावती की 502वीं जन्म जयंती पर हुआ दीप प्रज्ज्वलन एवं माल्यार्पण का कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

वीरांगना महारानी दुर्गावती की 502वीं जयंती एवं महान आदिवासी वीर योद्धा राणा पूंजा भील की जयंती पर जिला मुख्यालय स्थित महारानी दुर्गावती की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलन कर उन्हें श्रद्धापूर्वक नमन किया गया।

इस अवसर पर उपस्थितजनों ने वीरांगना महारानी दुर्गावती के अदम्य साहस, वीरता, स्वाभिमान और राष्ट्रभक्ति को स्मरण करते हुए उनके आदर्शों को अपने जीवन में आत्मसात करने का संकल्प लिया। वक्ताओं ने कहा कि महारानी दुर्गावती ने विपरीत परिस्थितियों में भी अपने राज्य, प्रजा और सम्मान की रक्षा के लिए मुगलों के विरुद्ध वीरतापूर्वक संघर्ष किया। उनका जीवन त्याग, साहस और मातृभूमि के प्रति समर्पण की प्रेरणादायी मिसाल है। उल्लखनीय है कि महारानी दुर्गावती का जन्म 5 अक्टूबर 1524 को चंदेल वंश के राजा कीरत राय के परिवार में कालिंजर दुर्ग में हुआ था। वर्ष 1542 में उनका विवाह गोंड राजवंश के दलपत शाह से हुआ। पति के निधन के बाद उन्होंने अपने अल्पवयस्क पुत्र वीर नारायण की ओर से गोंडवाना राज्य की बागडोर संभाली। उन्होंने कुशल प्रशासन, प्रजा कल्याण और वीरता से अपने राज्य को समृद्ध एवं सशक्त बनाया। वर्ष



1564 में मुगल सेनापति आसफ खान के आक्रमण के दौरान उन्होंने स्वयं युद्ध का नेतृत्व किया और अंतिम समय तक संघर्ष करते हुए मातृभूमि की रक्षा के लिए अपना बलिदान दिया। उनका जीवन आज भी साहस, स्वाभिमान और राष्ट्रभक्ति का प्रतीक है। कार्यक्रम का संचालन महेश कुमार ध्रुव ने किया। कार्यक्रम में कमलेश ध्रुव अध्यक्ष धमाधगढ़, भीखम सिंह ठाकुर उपाध्यक्ष जिला पंचायत महासमुंद, संरक्षक मनराखन लाल ध्रुव, डीडी मांझी अध्यक्ष आदिवासी समिति, एमएल ध्रुव जिला अध्यक्ष अजजा शास सेवक विकास संघ, महेश कुमार ध्रुव जिला महासचिव, टीआर ध्रुव जिला कोषाध्यक्ष, बीआर ध्रुव, काजल ध्रुव, कौशल बाई, अमृत बाई, टिकेश्वरी ध्रुव, भूपेंद्र सिंह मरकाम (बिल्हा), बैरागी मरकाम (पुजारी) कसडोल, सनमान दीवान, खेमराज ध्रुव, ओमप्रकाश ध्रुव, कमला ध्रुव, बंटी ध्रुव, कमलेश ध्रुव (पुलिस), सीमा ध्रुव, भाव सिंह नेताम, चंद्रप्रभा ध्रुव, सोनू ठाकुर, पायल ध्रुव, निर्मला ध्रुव एवं टंकेश्वर सिंह ध्रुव सहित समाज के गणमान्यजन एवं नागरिक उपस्थित रहे। इस अवसर पर सभी ने वीरांगना महारानी दुर्गावती एवं राणा पूंजा भील के त्याग, शौर्य और संघर्ष को नमन करते हुए उनके आदर्शों को आगे बढ़ाने का संकल्प लिया।

हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी गार्डन में 5 दिवसीय निःशुल्क योग शिविर का हुआ शुभारंभ

महासमुंद। स्थानीय हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी स्थित गार्डन में स्वस्थ समाज एवं निरोगी जीवन के संकल्प के साथ 5 दिवसीय निःशुल्क योग शिविर का शुभारंभ हुआ। यह शिविर 6 अक्टूबर से प्रारंभ होकर 10 अक्टूबर तक संचालित रहेगा।

शिविर के प्रथम दिवस पर मुख्य अतिथि महिला पतंजलि समिति की महामंत्री पूनम पटले एवं जिला प्रभारी सुमति साहू द्वारा भारत माता के तैलचित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम की विधिवत शुरुआत की गई। दीप प्रज्वलन के उपरांत अतिथियों ने उपस्थित साधकों को संबोधित करते हुए कहा कि नियमित योग और प्राणायाम से शरीर की रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ती है तथा मानसिक शांति प्राप्त होती है। आज की भागदौड़ भरी जीवनशैली में स्वस्थ व ऊर्जावान रहने के लिए प्रत्येक व्यक्ति को अपनी दिनचर्या में योग को अनिवार्य रूप से शामिल करना चाहिए। इस 5 दिवसीय शिविर का संचालन पतंजलि की प्रशिक्षित सह योग शिक्षिका भावना चंद्राकर द्वारा किया जा रहा है। प्रथम दिन के सत्र में शिक्षिका भावना चंद्राकर ने उपस्थित साधकों को शरीर को लचीला बनाने वाले सूक्ष्म व्यायाम, ताड़ासन, वृक्षासन, भुजंगासन सहित भस्त्रिका, कपालभाति, अनुलोम-विलोम एवं भ्रामरी प्राणायाम का विधिवत अभ्यास कराया। साथ ही दैनिक खान-पान में संतुलन और प्राकृतिक जीवनशैली अपनाने के सरल उपाय साझा किए गए। इस अवसर पर भारत स्वाभिमान के जिला सोशल मीडिया प्रभारी संदीप पटले, योगनाथ मेश्राम, प्रमेंद्र नशीने, हेमलता कोसरे, पुष्पांजलि होता, ममता सिन्हा, डॉ. मीनाक्षी कश्यप, रेशमी लता साहू, हेमकुमारी साहू, गायत्री पटेल, पूजा पांडेय, सुमन वर्मा, नीतू साहू, राधा साहू, अंजली पटेल, मोतिन कोसरे, नीलम रावत, पिंकी धीवर अंजली धीवर आदि उपस्थित रहे।

खबर संक्षेप



भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा में शामिल हुए विद्यार्थी

महासमुंद। शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला नवागांव संकुल केंद्र पटेवा में भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा का आयोजन किया गया। परीक्षा का शुभारंभ में माता सरस्वती का पूजन अर्चन कर किया गया। प्रधान पाठक अरुण कुमार साहू ने कहा कि भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा विद्यार्थियों में ज्ञानवान एवं संस्कारी बनने का मार्ग दिखाता है। परीक्षा प्रभारी शिक्षक मेमन कुमार चंद्राकर ने परीक्षा का उद्देश्य विद्यार्थियों में भारतीय संस्कृति एवं नैतिक शिक्षा तथा महापुरुषों की जीवन से परिचय और राष्ट्रीय भावना विकसित करने का एक सशक्त माध्यम है। प्रश्न पत्र में कुल 100 अंक निर्धारित थे। इसके सही उत्तर को ओएमआर शीट पर नीले या काले पेन से गोला लगाना था। परीक्षा के सफल आयोजन में शाला के शिक्षक अमर कुमार साहू एवं किरण दीवान का योगदान रहा।

वरिष्ठ भाजपा नेत्री सुरेखा कंवर को राज्य मुख्यालय आयुक्त गाइड की जिम्मेदारी

महासमुंद। शहर की वरिष्ठ भाजपा नेत्री एवं प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य सुरेखा कंवर को भारत स्काउट्स एवं गाइड्स छत्तीसगढ़ के राज्य मुख्यालय आयुक्त गाइड के पद पर नियुक्त किया गया है। सुरेखा कंवर ने इस जिम्मेदारी के लिए राज्य मुख्य आयुक्त छत्तीसगढ़ इंद्रजीत सिंह गोल्डी के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि संगठन ने उन पर जो विश्वास जताया है उस पर वे पूरी निष्ठा और ईमानदारी के साथ खरा उतरने का प्रयास करेंगी।



दशहरे पर होगा 30 फीट के रावण का वध, नवा अंजोर मंच की प्रस्तुति भी

गड़बेड़ा की ठेठ छत्तीसगढ़ी रामलीला को राष्ट्रीय पहचान, अयोध्या शोध संस्थान की पुस्तक ग्लोबल इन्साइक्लोपीडिया ऑफ द रामायण में हुआ उल्लेख

हरिभूमि न्यूज ⏭ पिथौरा

ग्राम गड़बेड़ा में विगत कई वर्षों से चली आ रही ठेठ छत्तीसगढ़ी रामलीला की गौरवशाली परंपरा आज भी पूरी तरह से जीवंत है। पिथौरा विकासखंड के अपनी संस्कृति, सभ्यता और संस्कारों को सहेजे हुए यह आयोजन आज भी ग्रामीणों की आस्था का प्रतीक बना हुआ है।

गड़बेड़ा की इस छत्तीसगढ़ी रामलीला को अब राष्ट्रीय स्तर पर पहचान मिली है। अयोध्या शोध संस्थान, संस्कृति विभाग, उत्तर प्रदेश द्वारा प्रकाशित पुस्तक ग्लोबल इनसाइक्लोपीडिया ऑफ द रामायण-राम वनगमन पथ की रामलीला संदर्भ छत्तीसगढ़ में रामलीला समिति गड़बेड़ा विकासखंड पिथौरा में प्रीतराम सूर्ये संवाद लेखन के निर्देशन में किए गए शेरो शायरी के साथ ठेठ छत्तीसगढ़ी रामलीला मंचन का विशेष उल्लेख किया गया है।



इस वर्ष भी शारदीय नवरात्रि और दशहरा पर्व पर यहां की रामलीला का मंचन पूरी तरह ठेठ छत्तीसगढ़ी बोली में किया जाएगा। गांव के शीतला मंदिर प्रांगण स्थित सामुदायिक भवन में प्रतिदिन शाम को रामलीला का पूर्व अभ्यास जोर-शोर से चल रहा है। स्थानीय वरिष्ठ रंगकर्मी प्रीतराम सूर्ये के कुशल निर्देशन में स्थानीय युवा कलाकारों द्वारा जोरदार रिहर्सल किया जा रहा है। राम, लक्ष्मण, सीता, हनुमान के संवादों को छत्तीसगढ़ी लहजे में जीवंत किया जा रहा है। आयोजन समिति के अनुसार 20 अक्टूबर दशहरा के दिन शाम में छत्तीसगढ़ी रामलीला के मुख्य मंचन के बाद शाम को 30 फीट ऊंचे रावण के विशाल पुतले का आतिशबाजी के साथ रावण वध किया जाएगा। इसके पश्चात रात्रि में राजधानी रायपुर के प्रसिद्ध नवा अंजोर लोक कला मंच द्वारा छत्तीसगढ़ी संस्कृति पर आधारित भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रम की शानदार प्रस्तुति दी जाएगी।

इस धार्मिक और सांस्कृतिक आयोजन को सफल बनाने सरपंच बूंदाबाई नायक, प्रीतराम सूर्ये निर्देशक, सरपंच प्रतिनिधि लोकनाथ नायक, उपसरपंच मोहित यादव, ग्राम विकास समिति अध्यक्ष महेश्वर पटेल, राम आश्रय दुबे, राधेश्याम पटेल, डिगम साहू, नरेंद्र पटेल शिक्षक, गौरव चंद्राकर, शिव साहू, द्वारिका यादव, चंद्रहास निषाद, हेम प्रसाद पटेल, भगवानदास यादव, अमर सिंह साहू, गेंद लाल यादव, किशन यादव, हीरालाल प्रजापति, अमन दास, मदन लाल साहू सहित रामलीला समिति, ग्राम पंचायत और ग्राम विकास समिति के सभी पदाधिकारी जुटे हुए हैं। उक्त आयोजन की जानकारी आयोजन समिति के मीडिया प्रभारी गौरव चंद्राकर द्वारा दी गई।

शिविर : नपाध्यक्ष सरस्वती पटेल ने भी बच्चों को बांटे फल

विशेष आवासीय विद्यालय में स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का हुआ आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ सरायपाली

नगर के प्रतिष्ठित हॉस्पिटल राम अवतार और डां संजय अग्रवाल द्वारा उड़ान दृष्टि एवं श्रवण बाधितार्थ विशेष आवासीय विद्यालय में स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें नगर पालिका अध्यक्ष सरस्वती चंद्र कुमार पटेल मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुईं। इस स्वास्थ्य परिक्षण शिविर में उन्होंने विशेष बच्चों से मुलाकात कर उनका उत्साहवर्धन किया और बच्चों को फल वितरित किए।

कार्यक्रम में विशेष बच्चों के लिए स्वास्थ्य परीक्षण शिविर आयोजित किया गया। इस दौरान विद्यालय में अध्ययनरत बच्चों के स्वास्थ्य की जांच करने के साथ उनके ब्लड ग्रुप का भी परीक्षण किया गया। बच्चों के स्वास्थ्य को लेकर हॉस्पिटल की इस पहल को उपस्थित लोगों ने सराहनीय बताया। स्वास्थ्य जांच के साथ बच्चों की शिक्षा को बढ़ावा देने की दिशा में भी राम अवतार हॉस्पिटल एवं डॉ. संजय अग्रवाल ने महत्वपूर्ण पहल की। बच्चों को आवश्यक अध्ययन सामग्री का वितरण किया गया। इस पहल का उद्देश्य विशेष बच्चों को स्वास्थ्य सुविधा के साथ उनकी शिक्षा में भी सहयोग प्रदान करना रहा। डॉ. संजय अग्रवाल ने कहा कि विशेष बच्चों के स्वास्थ्य एवं शिक्षा की जरूरतों को समझते हुए उनके बीच पहुंचकर सेवा करना समाज के प्रति हमारी जिम्मेदारी है। बच्चों के स्वास्थ्य की नियमित जांच और उनकी पढ़ाई के लिए आवश्यक सहयोग उन्हें बेहतर अवसर उपलब्ध कराने की दिशा में एक छोटा सा प्रयास है।



कार्यक्रम के दौरान नगर पालिका अध्यक्ष सरस्वती चंद्र कुमार पटेल ने बच्चों का उत्साह बढ़ाते हुए कहा कि विशेष बच्चों के लिए स्वास्थ्य, शिक्षा और सहयोग से जुड़े ऐसे प्रयास निरंतर होते रहने चाहिए। राम अवतार हॉस्पिटल एवं डॉ.संजय अग्रवाल की इस पहल ने स्वास्थ्य सेवा को सामाजिक सरोकार से जोड़ते हुए विशेष बच्चों के बीच सेवा, संवेदना और सहयोग का संदेश दिया। इस अवसर पर नपाध्यक्ष सरस्वती चंद्र कुमार पटेल, डॉ संजय अग्रवाल, डॉ. आदित्य, डॉ. शैलेश कुमार तथा उड़ान स्कूल के संचालिका तथा हॉस्पिटल के एचआर विकास प्रधान तथा नर्स स्टाफ उपस्थित थे।

सेवा संकल्प अभियान के तहत नगर पालिका में आधार अपडेट शिविर का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ सरायपाली

सेवा संकल्प अभियान के तहत जिला आधार विभाग के मार्गदर्शन में नगर पालिका सरायपाली में आधार अपडेट एवं नए आधार पंजीयन से संबंधित शिविर का आयोजन किया गया।

हितग्राहियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए प्रारंभ में शिविर स्थल पर आधार की दो मशीनों की व्यवस्था की गई थी। लेकिन अन्य हितग्राहियों की समस्याओं और बढ़ती आवश्यकता को देखते हुए एक मशीन को जनपद परिसर में लगाया गया, जबकि एक मशीन शिविर स्थल पर रखकर आधार अपडेट एवं नए पंजीयन का कार्य जारी रखा गया। शिविर स्थल पर विद्युत संबंधी व्यवधान के कारण लगभग 15 हितग्राहियों को आधार से संबंधित सेवाएं प्रदान की जा सकीं, जबकि जनपद परिसर में लगभग 45 हितग्राहियों को आधार अपडेट एवं अन्य आवश्यक सेवाओं का लाभ मिला। इस प्रकार दोनों स्थानों पर कुल लगभग 60 हितग्राहियों को आधार से संबंधित सेवाएं उपलब्ध कराई गईं।



शिविर स्थल पर आधार अपडेट के दौरान तकनीकी कारणों से कुछ आवेदन रिजेक्शन के प्रकरण भी सामने आए। ऐसे प्रकरणों को जिला कार्यालय के व्हाट्सऐप माध्यम से संबंधित अधिकारियों के संज्ञान में भेजकर आवश्यक निराकरण की दिशा में कार्रवाई की गई, ताकि हितग्राहियों की समस्याओं का समाधान किया जा सके। शासन की जनहित की योजनाओं का लाभ प्राप्त करने के उद्देश्य से शिविर में पहुंचे हितग्राहियों को आधार संबंधी सेवाएं उपलब्ध कराने के साथ-साथ उनकी समस्याओं के समाधान के लिए किए गए प्रयासों से हितग्राहियों में खुशी एवं संतोष देखने को मिला। इस सेवा कार्य को सफल बनाने में सहयोग एवं मार्गदर्शन प्रदान करने के लिए आधार गाइड टीम की ओर से जिला ईडीएम भूपेंद्र, जिला कोऑर्डिनेटर मूलचंद निषाद, आधार ऑपरेटर हेमंत पटेल, युगल किशोर, अनु यादव एवं सुनील चौहान रहे।



बसना में शारदीय नवरात्रि की तैयारियां जोरों-शोरों से

बसना। शारदीय नवरात्रि के पावन पर्व को लेकर बसना नगर में तैयारियां धूम-धाम से चल रही हैं। नगर के सभी प्रमुख दुर्गा पंडालों में सजावट और माता की प्रतिमा स्थापना का कार्य अंतिम चरण में है। गरबा और डांडिया पंडालों में भी लाइटिंग और साउंड सिस्टम लगाया जा रहा है। बाजारों में भी नवरात्रि की खूब रौनक है। महिलाएं गरबा ड्रेस, चुनरी और श्रृंगार सामग्री की जमकर खरीदारी कर रही हैं। इस बार आयोजन समितियों द्वारा भव्य पंडाल और आकर्षक झांकियां तैयार की जा रही हैं, जो श्रद्धालुओं के लिए मुख्य आकर्षण रहेंगी। प्रशासन द्वारा भी सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए जा रहे हैं। नौ दिनों तक पूरा बसना माता के जयकारों और गरबा की धुन पर झूमता नजर आएगा।

पूजा-अर्चना के साथ अग्रसेन जयंती महोत्सव का शुभारंभ

पिथौरा। अग्रवाल समाज द्वारा प्रतिवर्ष आयोजित किए जाने वाले अग्रसेन जयंती महोत्सव का शुभारंभ 5 अक्टूबर को अग्रसेन भवन में वातावरण में महाराजा अग्रसेन की पूजा-अर्चना के साथ हुआ। समाज के वरिष्ठ संरक्षक राजकुमार सिंघल ने विधिवत पूजा-अर्चना कर महोत्सव का शुभारंभ किया। इस अवसर पर राजकुमार सिंघल ने समाजजनों से महोत्सव के सभी आयोजनों में अधिक से अधिक सहभागिता करने तथा आयोजन को सफल बनाने का आग्रह किया। अग्रवाल समाज के अध्यक्ष प्रकाश गोयल ने अपने उद्बोधन में कहा कि अग्रसेन जयंती महोत्सव केवल एक धार्मिक आयोजन नहीं, बल्कि समाज की एकता, संस्कार, सामाजिक चेतना और आपसी सहभागिता को मजबूत करने का अवसर है। महाराजा अग्रसेन ने समाज को समानता, सहयोग और परस्पर सम्मान का संदेश दिया। उनके जीवन एवं सिद्धांतों से प्रेरणा लेकर समाज को



आगे बढ़ाना तथा नई पीढ़ी को अपनी गौरवशाली परंपराओं से परिचित कराना हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि समाज की वास्तविक शक्ति उसकी एकजुटता में निहित है। जब समाज का प्रत्येक परिवार सामाजिक गतिविधियों से जुड़ता है, तो समाज अधिक सशक्त और संगठित बनता है। अग्रसेन जयंती पर आयोजित विभिन्न कार्यक्रम इसी उद्देश्य को ध्यान में रखते हुए रखे गए हैं, ताकि समाज के हर आयु वर्ग को अपनी प्रतिभा प्रदर्शित करने, एक-दूसरे से जुड़ने और आनंद के साथ सामाजिक मूल्यों को आगे बढ़ाने का अवसर मिले। उन्होंने समाज के सभी वर्गों अग्रबंधुओं, मातृशक्ति, युवाओं एवं बच्चों से महोत्सव के कार्यक्रमों में उत्साहपूर्वक सहभागिता करने का आह्वान करते हुए कहा कि सामूहिक सहभागिता से ही किसी भी आयोजन की सार्थकता और सफलता सुनिश्चित होती है। 5 से 11 अक्टूबर तक समाजजनों के लिए विभिन्न प्रेरणादायक, सांस्कृतिक एवं मनोरंजक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। आयोजन में समाज के सभी वर्गों की सहभागिता सुनिश्चित करने के लिए विविध गतिविधियां रखी गई हैं। शुभारंभ कार्यक्रम का संचालन कुलदीप अग्रवाल ने किया, जबकि अग्रसेन यूथ क्लब के अध्यक्ष साकेत सिंघल ने आभार प्रदर्शन किया।

भंवरपुर में श्रीमद भागवत कथा का आयोजन, साध्वी राधा किशोरी करा रहीं हैं अमृत वर्षा

हरिभूमि न्यूज ⏭ बसना

क्षेत्र में इन दिनों धर्म और भक्ति का अद्भुत संगम देखने को मिल रहा है। भंवरपुर में चल रहे सात दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ में वृंदावन की प्रसिद्ध कथा वाचिका साध्वी राधा किशोरी द्वारा श्रद्धालुओं को भागवत कथा का अमृत रसपान कराया जा रहा है। साध्वी द्वारा श्रीकृष्ण की बाल लीलाओं, गोवर्धन लीला, रासलीला सहित विभिन्न प्रसंगों का इतना भावपूर्ण वर्णन किया जा रहा है कि पूरा कथा पंडाल 'राधे-राधे' और 'जय श्री कृष्ण' के जयकारों से गूंज उठा। उनके मधुर भजनों पर श्रद्धालु झूमने पर मजबूर हो रहे हैं। कथा में विशेष रूप से प्राचीन कबीर कुटी तरेकेला के महंत लखन मुनि महाराज ने कथा श्रवण किए। महंत के आगमन से कथा स्थल पर श्रद्धालुओं में और अधिक उत्साह देखने को मिला। इस अवसर पर उनके साथ आरके दास, गिरधारी लाल नायक, चुम्मन लाल पटेल, विजय दास सहित क्षेत्र के कई नागरिक और आयोजक समिति के समस्त सदस्यगण उपस्थित रहे। आयोजक समिति ने सभी संतों का फूल-मालाओं से भव्य स्वागत किया।



आयोजकों ने बताया कि कथा सुनने के लिए भंवरपुर सहित आसपास के गांवों से हजारों की संख्या में श्रद्धालु प्रतिदिन कथा पंडाल में पहुंच रहे हैं। महिलाओं, बुजुर्गों और युवाओं में कथा को लेकर विशेष उत्साह देखा जा रहा है। कथा स्थल पर पेयजल, बैठने और पार्किंग की सुव्यवस्थित व्यवस्था की गई है। आयोजक समिति ने समस्त क्षेत्रवासियों से अपील की है कि इस ज्ञान यज्ञ में अधिक से अधिक संख्या में पधार कर धर्म लाभ अर्जित करें।

विधायक ने कोटवारों की बैठक लेकर विभिन्न विषयों पर की चर्चा

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

क्षेत्र के कोटवारों की विभिन्न समस्याओं एवं कार्यों को लेकर विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा ने विधायक कार्यालय में कोटवारों की बैठक ली। सोमवार को बैठक में बड़ी संख्या में कोटवार शामिल हुए। विधायक ने सभी कोटवारों से उनके कार्यों, दायित्वों तथा गांवों में कार्य करने के दौरान आने वाली व्यवहारिक समस्याओं के संबंध में विस्तार से जानकारी ली। कोटवारों ने अपनी विभिन्न मांगों एवं समस्याओं को विधायक के समक्ष रखा। इस दौरान भाजपा नेता गोविंद ठाकुर, शरद मराठा उपस्थित थे। बैठक में ग्रामीण क्षेत्रों में प्रशासन और आमजन के बीच कोटवारों की महत्वपूर्ण भूमिका पर भी चर्चा की गई। कोटवारों द्वारा गांवों में राजस्व एवं प्रशासन से जुड़ी सूचनाओं को आम लोगों तक पहुंचाने, शासन-प्रशासन की गतिविधियों की जानकारी देने तथा स्थानीय स्तर पर प्रशासनिक कार्यों में सहयोग करने जैसे विषयों पर विचार-विमर्श हुआ। विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा ने कहा कि कोटवार ग्रामीण व्यवस्था का महत्वपूर्ण हिस्सा हैं। गांवों में प्रशासनिक व्यवस्था को सुचारू बनाए रखने में उनकी भूमिका महत्वपूर्ण रहती है। वे ग्रामीणों और प्रशासन के बीच एक महत्वपूर्ण कड़ी के रूप में कार्य करते हैं। उन्होंने कोटवारों की समस्याओं को गंभीरता से सुना और उनके द्वारा रखी गई मांगों पर आवश्यक पहल करने का भरोसा दिलाया।

आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं व सहायिकाओं का शाल-श्रीफल से सम्मान

पिथौरा। सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत पिथौरा नगर के वार्ड क्रमांक 3 एवं 7 स्थित आंगनबाड़ी केंद्रों में 'आंगन की सेवा' कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में भाजपा मंडल अध्यक्ष आशीष शर्मा, जिला भाजपा प्रवक्ता स्वप्निल तिवारी, मंडल महामंत्री जतीन ठक्कर, युवा मोर्चा जिला उपाध्यक्ष विजय नायक, मंडल सहकारी समिति अध्यक्ष विजयराज पटेल, किसान मोर्चा सहसंयोजक अजय डड़सेना, महिला मोर्चा अध्यक्ष रामकुंवर सिंहा, पार्षद पुष्कांत पटेल, महामंत्री वर्षा सोनी, दीपक देवी गजेंद्र, अंजलि पांडे, अंबिका प्रधान, श्वेता प्रसाद, निर्मला पिंपलकर सहित महिला मोर्चा के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं एवं सहायिकाओं द्वारा बच्चों के पोषण, स्वास्थ्य एवं प्रारंभिक शिक्षा के क्षेत्र में किए जा रहे कार्यों की सराहना करते हुए उन्हें शाल एवं फल भेंटकर सम्मानित किया गया। आंगनबाड़ी कार्यकर्ता दिनेश्वरी सिंहा एवं अनिता ठाकुर का भाजपा नेताओं द्वारा शाल एवं श्रीफल भेंटकर सम्मान किया गया। अतिथियों ने बच्चों से कविता एवं चुटकुले सुने तथा उनके साथ आत्मीय संवाद किया।



कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिला भाजपा प्रवक्ता स्वप्निल तिवारी ने कहा कि "सेवा ही संगठन का मूल मंत्र है और सेवा संकल्प अभियान इसी भावना को समाज के बीच मजबूत करने का माध्यम है।" उन्होंने आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं एवं सहायिकाओं के समर्पण की सराहना करते हुए कहा कि बच्चों के स्वस्थ भविष्य और सुपोषित समाज के निर्माण में उनकी भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। भाजपा मंडल अध्यक्ष आशीष शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार तथा छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा महिला एवं बाल कल्याण को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जा रही है। आंगनबाड़ी केंद्र केवल बच्चों की देखभाल का स्थान नहीं, बल्कि पोषण, स्वास्थ्य और प्रारंभिक शिक्षा का महत्वपूर्ण केंद्र हैं।

कार्यक्रम के दौरान उपस्थित जनप्रतिनिधियों एवं भाजपा कार्यकर्ताओं ने आंगनबाड़ी केंद्रों की गतिविधियों का अवलोकन किया तथा महिलाओं एवं बच्चों से संवाद कर उनकी आवश्यकताओं की जानकारी ली।



खबर संक्षेप



शहीद घनश्याम कन्नौजे की जयंती पर किया नमन

महासमुंद। ग्राम खरोरा में भारत देश के शहीद घनश्याम कन्नौजे की जयंती पर नमन किया। इस दौरान कौशल्या चंद्राकर, भारती चंद्राकर, दामिनी चंद्राकर, लता चंद्राकर,जया चंद्राकर, रुपेश चंद्राकर, भूषण चंद्राकर उपस्थित रहे। बता दें कि ग्राम बिरकोनी के निवासी शहीद घनश्याम कनौजै ने देश के लिए अपना फर्ज निभाया, जिन्होंने माओवादियों से लोहा लेते हुए अपनी जान कुर्बान कर दिया। एएसएफ की दूसरी बटालियन सकरी बिलासपुर के आरक्षक क्रमांक-111 छत्तीसगढ़ के माओवाद प्रभावित बीजापुर जिले के भद्राकाली में तैनात थे और 19 अगस्त 2011 को फोर्स की एक टुकड़ी कैंप के लिए निकली थी। इस टुकड़ी के जवान रास्ते पर नक्सलियों के एंबुश में फंस गए। धमाके के साथ नक्सलियों ने ताबड़तोड़ फायरिंग शुरू कर दी। धमाके में ही कई जवान जख्मी हो गए थे। जवानों ने जोरदार जवाबी कार्रवाई की और नक्सलियों का डटकर सामना किया। जवान ने नक्सलियों से लड़ते-लड़ते 13 जवान शहीद हो गए, जिनमें घनश्याम कन्नौजे भी शामिल थे।

रंगोली प्रतियोगिता आज राष्ट्र/भारत मंडला का किया जाएगा अवलोकन

महासमुंद। जिले में 17 सितंबर से 17 अक्टूबर 2026 तक सेवा संकल्प अभियान का आयोजन किया जा रहा है। अभियान के अंतर्गत विभिन्न रचनात्मक एवं जनभागीदारी आधारित गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में 07 अक्टूबर 2026 को जिले में स्वामी आत्मानंद शासकीय उत्कृष्ट हिंदी माध्यम उच्चतर माध्यमिक विद्यालय महासमुंद में विशाल रंगोली राष्ट्र/भारत मंडला 76×76 फीट का निर्माण किया गया है, जिसका अवलोकन अतिथियों, जनप्रतिनिधियों एवं नागरिकों द्वारा किया जाएगा। इस अवसर पर जिले के समस्त शासकीय एवं अशासकीय महाविद्यालयों में महाविद्यालयीन स्तर पर आयोजित रंगोली राष्ट्र प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित किया जाएगा। सभी विकासखंडों में 17×17 फीट रंगोली का निर्माण किया जाकर नागरिकों के अवलोकन के लिए खुला रहेगा।

सेवा ज्योति कलश यात्रा एवं विकसित भारत संकल्प सभा आज

महासमुंद। सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत जिले में 07 अक्टूबर को सेवा ज्योति कलश यात्रा एवं विकसित भारत संकल्प सभा का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम में जनप्रतिनिधियों, कार्यकर्ताओं एवं आम नागरिकों की सहभागिता रहेगी। कार्यक्रम के दौरान देशभक्ति एवं सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के साथ राष्ट्र निर्माण और विकसित भारत के संकल्प को जन-जन तक पहुंचाने का संदेश दिया जाएगा। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार प्रातः 9:15 बजे सभी प्रतिभागियों का कार्यक्रम स्थल शंकराचार्य भवन महासमुंद पर आगमन होगा तथा सांस्कृतिक कार्यक्रमों एवं देशभक्ति गीतों का वादन होगा। सुबह 10 बजे अतिथियों का मंच पर आगमन पश्चात राष्ट्रीय गीत वंदे मातरम गायन के साथ सुबह 10:05 बजे कार्यक्रम का शुभारंभ किया जाएगा। सुबह 10:15 बजे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का वर्चुअल संबोधन होगा। पश्चात सुबह 10:55 बजे प्रधानमंत्री के नेतृत्व में विकसित भारत /2047 का सामूहिक संकल्प लिया जाएगा। सुबह 11 बजे स्थानीय अतिथियों द्वारा सेवा ज्योति प्रज्ज्वलित की जाएगी। सुबह 11:10 बजे विभिन्न सेवा ज्योति यात्राओं को प्रस्थान किया जाएगा।

बाढ़ पीड़ितों को राहत सामग्री वितरित

घाटलोहंगा। छत्तीसगढ़ विधानसभा के उपनेता प्रतिपक्ष एवं बस्तर विधायक लखेश्वर बघेल की पहल पर आज महुपाल, बरई में बाढ़ से प्रभावित जरूरतमंद परिवारों को राहत सामग्री वितरित की गई।

आयोजन: मौके पर ही मिला ड्राइविंग लाइसेंस, शहर में लगा शिविर

सेवा सेतु शिविर में नागरिकों को मिल रहा योजनाओं और सेवाओं का लाभ

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत नागरिकों

- देहदान के लिए संकल्पित शीला प्रधान को किया गया सम्मानित



को शासन की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं एवं सेवाओं का लाभ सुगमता, सरलता और त्वरित रूप से उपलब्ध कराने जिले के नगरीय निकायों में सेवा सेतु शिविर का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में जिला मुख्यालय महासमुंद के लोहिया चौक में सेवा सेतु शिविर आयोजित किया गया। शिविर में विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा शामिल हुए। उन्होंने नागरिकों से संवाद कर शिविर के माध्यम से उपलब्ध कराई जा रही सेवाओं एवं योजनाओं की जानकारी ली।

इस अवसर पर विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा ने कहा कि सेवा सेतु शिविर शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं को आम नागरिकों तक पहुंचाने का प्रभावी माध्यम है। शिविर के माध्यम से नागरिकों को विभिन्न योजनाओं की जानकारी एक ही स्थान पर उपलब्ध होने के साथ पात्र हितग्राहियों को योजनाओं का लाभ लेने के लिए आवश्यक मार्गदर्शन और सुविधा मिल रही है। उन्होंने संबंधित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को शिविर में प्राप्त आवेदनों का नियमानुसार परीक्षण कर पात्र हितग्राहियों को योजनाओं का लाभ दिलाने तथा नागरिकों की समस्याओं और आवश्यक सेवाओं से संबंधित प्रकरणों का त्वरित निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

इस दौरान विधायक सिन्हा ने देह दान की संकल्प लेने वाली महिला एवं बाल विकास की पर्यवेक्षक शीला प्रधान को फल भेंट कर सम्मानित किया। उन्होंने कहा कि यह एक मानवता के लिए प्रेरणा है, ताकि मानव शरीर मरणोपरांत भी शोध कार्यों में लगाया जा सके। इस अवसर पर आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को प्रमाण पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। शिविर में नागरिकों को शासन की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी प्रदान करने के साथ ही नागरिकों से आवेदन प्राप्त एवं पात्र हितग्राहियों को लाभान्वित किए जा रहे हैं। यहां लगाए गए शिविर में मौके पर ही पात्र हितग्राहियों को लर्निंग लाइसेंस प्रदान किया गया। इसके साथ ही सेवा सेतु शिविर के माध्यम से नागरिकों को योजनाओं की पात्रता, आवश्यक दस्तावेज, आवेदन प्रक्रिया तथा मिलने वाले लाभ के संबंध में जानकारी दी जा रही है। विभिन्न सेवाओं से संबंधित प्रकरणों का मौके पर परीक्षण कर उनके निराकरण की कार्यवाही भी की जा रही है। जिससे उन्हें शासन की योजनाओं एवं सेवाओं का लाभ प्राप्त करने में सुविधा मिल रही है। शिविर में उपस्थित अधिकारी-कर्मचारी नागरिकों की समस्याओं को सुनकर उनके निराकरण के लिए आवश्यक प्रक्रिया से अवगत करा रहे हैं। पात्र हितग्राहियों के आवेदन प्राप्त कर संबंधित विभागों के माध्यम से आगे की कार्यवाही सुनिश्चित की जा रही है। शिविर में बड़ी संख्या में नागरिकों ने पहुंचकर विभिन्न योजनाओं एवं सेवाओं की जानकारी प्राप्त की और अपनी आवश्यकताओं से संबंधित आवेदन प्रस्तुत किए। नागरिकों ने एक ही स्थान पर विभिन्न सेवाओं एवं योजनाओं से संबंधित जानकारी और मार्गदर्शन मिलने पर प्रसन्नता व्यक्त की।

कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ बीज निगम के अध्यक्ष चंद्रहास चंद्राकर, नगर पालिका परिषद महासमुंद के उपाध्यक्ष देवीचंद राठी, पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष पवन पटेल, सभापति जितेंद्र देवनारायण ध्रुव, जय कुमार देवांगन, पार्षद माखन पटेल, पीयूष साहू, हरबंश सिंह ढिल्लो (नानू भाई), भाऊराम साहू, राहुल आवडे, एल्डरमैन हनीश बग्गा एवं मोहन साहू, नीरज चंद्राकर, मुन्ना देवार, राजेंद्र चंद्राकर आदि उपस्थित रहे।

बिंझवार समाज के नुआखाई कार्यक्रम में शामिल हुए विधायक



हरिभूमि न्यूज ⏭ बागबाहरा

खल्लारी विधायक द्वारिकाधीश यादव ग्राम सराईपाली बुंदेली में आयोजित बिंझवार समाज के नुआखाई कार्यक्रम में शामिल हुए। कार्यक्रम में विधायक यादव ने नुआखाई पर्व के महत्व पर चर्चा करते हुए कहा कि ऐसे पारंपरिक और सामाजिक आयोजन लोगों को आपस में जोड़ने का काम करते हैं। उन्होंने समाज के लोगों को आपसी भाईचारे, एकता और सामाजिक सद्भाव के साथ आगे बढ़ने की शुभकामनाएं दीं। नुआखाई के अवसर पर समाजजनों ने पारंपरिक रीति-रिवाजों के साथ पर्व मनाया। कार्यक्रम में समाज के लोगों ने विधायक यादव का स्वागत किया तथा सामाजिक विषयों पर चर्चा भी की। नुआखाई पर्व पर आयोजित यह कार्यक्रम आपसी मेल-मिलाप और सामाजिक एकजुटता का अवसर बना।

इस अवसर पर प्रेमसिंग, हेमसागर बिंझवार, परमेश्वर बिंझवार, दशरथ बिंझवार, अजय बिंझवार, दयाराम बिंझवार, विश्वनाथ बिंझवार, श्यामलाल बिंझवार, ईश्वर बिंझवार, नैनसिंग बिंझवार, कन्हैया बिंझवार, सूरजचंद, मंशाराम बिंझवार, धनउ बिंझवार, चंदन सिंह बिंझवार, माखन बिंझवार, मालिक राम बरिहा, झुमूक लाल बिंझवार, नवधर बिंझवार, युगल किशोर बिंझवार एवं बजरंग बिंझवार सहित समाजजन मौजूद रहे।

छुईपाली में टोल प्लाजा प्रबंधन ने चलाया स्वच्छता अभियान

अधिकारियों-कर्मचारियों ने किया श्रमदान और पौधारोपण

हरिभूमि न्यूज ⏭ सरायपाली

नेशनल हाईवे-53 स्थित छुईपाली टोल प्लाजा पर स्वच्छता पखवाड़ा के अंतर्गत स्वच्छता अभियान चलाया गया। यहां श्रमदान कर स्वच्छता का संदेश दिया। साथ ही पौधरोपण कर पर्यावरण बचाने का संकल्प भी लिया गया। टोल मैनेजर पवन प्रशांत सिंह ने कर्मचारियों को ₹एक घंटा, एक दिन, एक साथ₹ स्वच्छता की शपथ दिलाई।



हाईवे इंजीनियर रवि कुमार ठाकुर ने स्वच्छता के प्रति जागरूकता का संदेश दिया। कार्यक्रम में मैनेजर पवन प्रशांत सिंह एवं उमाशंकर विशेष रूप से मौजूद रहे। अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने अभियान में सहभागिता करते हुए टोल प्लाजा परिसर और आसपास के क्षेत्र में साफ-सफाई की। इस अवसर पर कर्मचारियों को अपने कार्यस्थल के साथ-साथ आसपास के क्षेत्र को भी स्वच्छ रखने के लिए प्रेरित किया गया। इस अवसर पर टोल प्लाजा कंपनी के मैनेजर पवन प्रशांत सिंह, सेफ्टी इंजीनियर उमाशंकर, असिस्टेंट मैनेजर प्रवीण, एचआर कौशिक, सेफ्टी सुपरवाइजर सुरेंद्र राय, सुदीप महांती, गिरी तथा हाईवे इंजीनियर रवि कुमार ठाकुर की ओर से आरपीवी टीम के सदस्यों का सम्मान किया गया। सम्मानित होने वालों में आरपीओ सूरज सिंह, आरपीवीडी मुकेश दास तथा सहायक कृष्णा दास शामिल रहे।

सांकरा में विधायक व सांसद ने फीता काटकर किया नवीन शाला भवन का लोकार्पण

हरिभूमि न्यूज ⏭ सांकरा

ग्राम सांकरा में शिक्षा के विस्तार और अधोसंरचना विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि के तौर पर यहाँ नवनिर्मित नवीन शाला भवन का विधिवत लोकार्पण हुआ। कार्यक्रम में क्षेत्र के विधायक डॉ. संपत अग्रवाल विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। उन्होंने भाजपा महिला मोर्चा की राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं सांसद रूपकुमारी चौधरी के साथ वैदिक मंत्रोच्चार और पूजा-अर्चना के बाद फीता काटकर नवनिर्मित शाला भवन का लोकार्पण किया।

समारोह को संबोधित करते हुए विधायक डॉ. संपत अग्रवाल ने कहा कि शिक्षा किसी भी समाज और क्षेत्र के सर्वांगीण विकास की रीढ़ है। ग्रामीण अंचलों में आधुनिक और सुरक्षित शैक्षणिक अधोसंरचना



उपलब्ध कराना शासन और जनप्रतिनिधियों की सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि नवीन भवन के निर्माण से सांकरा और आसपास के विद्यार्थियों को अनुकूल शैक्षणिक वातावरण मिलेगा, जिससे उनका पठन-पाठन और अधिक सुगम होगा।

कार्यक्रम के दौरान मुख्य अतिथि सांसद रूपकुमारी चौधरी ने भी केंद्र व राज्य शासन की जनकल्याणकारी नीतियों पर प्रकाश डाला और विद्यार्थियों को आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर राष्ट्रीय अध्यक्ष महिला मोर्चा एवं सांसद रूपकुमारी चौधरी, अध्यक्ष जनपद पंचायत पिथौरा ऊषा पुरुषोत्तम धृतलहरे, उपाध्यक्ष जनपद पंचायत पिथौरा ब्रह्मानंद पटेल, अध्यक्ष सरपंच संघ सतपाल सिंह छाबड़ा, सभापति जनपद पंचायत पिथौरा कंवलजीत छाबड़ा, जिला पंचायत सदस्य जगमोती भोई, विधायक प्रतिनिधि बसना कैलाश अग्रवाल, विधायक प्रतिनिधि एवं जनपद सदस्य पुरुषोत्तम धृतलहरे, विधायक प्रतिनिधि सोनू छाबड़ा सभापति जनपद पिथौरा दिनेश अग्रवाल,सांसद प्रतिनिधि मनमीत सिंह छाबड़ा, स्थानीय जनप्रतिनिधि, शिक्षा विभाग के अधिकारी आदि मौजूद रहे।

अंडमान की तर्ज पर छत्तीसगढ़ में भी लागू हो अफसरशाही पर लगाम कसने वाला कानून : गोविंदराव

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्रा

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू द्वारा केंद्र शासित प्रदेश अंडमान और निकोबार प्रशासन के लोक सेवकों की जवाबदेही तय करने वाले कानून को स्वीकृति दिए जाने का सर्वत्र स्वागत हो रहा है। वरिष्ठ भाजपा कार्यकर्ता गोविंदराव नागपुरे ने इस कदम को बेहद सराहनीय और जनहितकारी करार दिया है। नागपुरे ने जारी बयान में कहा कि अक्सर आम नागरिकों और समाज के वंचित वर्गों को अपने छोटे-छोटे आवेदनों व समस्याओं के निराकरण के लिए सरकारी दफ्तरों के चक्कर लगाने पड़ते हैं, जिससे उनके समय और धन दोनों का नुकसान होता है। अंडमान में लागू नए कानून से यदि लोक सेवक तय समय-सीमा के भीतर आवेदनों पर त्वरित कार्रवाई नहीं करते हैं, तो वे स्वयं जिम्मेदार होंगे और दंड के भागी बनेंगे। इससे शासकीय तंत्र में पारदर्शिता आएगी और लोक सेवकों में समाज के प्रति सजगता बढ़ेगी।

- वरिष्ठ भाजपा कार्यकर्ता ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय से राज्य में समानांतर बिल लाने की मांग



बाहर कचरा फेंकने वालों पर होगी कड़ी कार्रवाई

नपा सीएमओ सौरभ शर्मा ने किया औचक निरीक्षण, होटल संचालकों को भी चेतावनी

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

नगर में स्वच्छता व्यवस्था को प्रभावी बनाए रखने तथा सार्वजनिक स्थानों पर कचरा फेंकने वालों के विरुद्ध कार्रवाई के लिए नगर पालिका परिषद द्वारा सख्ती शुरू कर दी गई है। इसी क्रम में मुख्य नगर पालिका अधिकारी सौरभ शर्मा ने स्वच्छता प्रभारी एवं स्वच्छ भारत मिशन प्रभारी के साथ विभिन्न क्षेत्रों का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान सार्वजनिक स्थानों एवं सड़क किनारे कचरा फेंके जाने की स्थिति पाए जाने पर सीएमओ ने संबंधित अधिकारियों को तत्काल कचरा हटाने तथा कचरा फैलाने वाले व्यक्तियों एवं प्रतिष्ठानों की पहचान कर नियमानुसार कार्रवाई करने के निर्देश दिए।

सीएमओ सौरभ शर्मा ने कहा कि नगर पालिका द्वारा नागरिकों एवं व्यवसायिक प्रतिष्ठानों से कचरा संग्रहण की सेवा नियमित रूप से उपलब्ध कराई जा रही है। इसके बावजूद कुछ लोगों द्वारा यूजर चार्ज जमा नहीं करने के साथ-साथ सार्वजनिक स्थानों पर कचरा फेंककर स्वच्छता व्यवस्था को



प्रभावित किया जा रहा है, जिसे किसी भी स्थिति में स्वीकार नहीं किया जाएगा। उन्होंने विशेष रूप से स्टेशन रोड क्षेत्र की कुछ होटल एवं व्यवसायिक प्रतिष्ठानों द्वारा गंदगी फैलाए जाने की शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए जांच कराने के निर्देश दिए। संबंधित प्रतिष्ठानों द्वारा कचरा प्रबंधन एवं नगर पालिका की कचरा संग्रहण व्यवस्था का पालन किया जा रहा है अथवा नहीं, इसकी जांच की जाएगी।

सीएमओ ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि निरीक्षण के दौरान पाए जाने वाले ऐसे होटल, दुकान एवं अन्य व्यवसायिक प्रतिष्ठानों की सूची तैयार की जाए, जहां से नियमित रूप से कचरा निकलता है, लेकिन यूजर चार्ज जमा नहीं किया जा रहा है अथवा कचरा निर्धारित व्यवस्था के विपरीत बाहर फेंका जा रहा है। ऐसे मामलों में नोटिस, जुर्माना एवं नियमानुसार अन्य वैधानिक कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। उन्होंने स्पष्ट किया कि नगर की स्वच्छता व्यवस्था से खिलवाड़ करने वालों के विरुद्ध नगर पालिका अब सख्त कार्रवाई करेगी। आवश्यकता पड़ने पर नगर पालिका द्वारा सक्षम न्यायालय की शरण लेकर भी सार्वजनिक स्वच्छता एवं नगर हित में आवश्यक कार्रवाई की जाएगी। नगर पालिका ने नागरिकों एवं व्यवसायिक प्रतिष्ठानों से अपील की है कि वे कचरा निर्धारित समय एवं निर्धारित व्यवस्था के अनुसार ही दें, सार्वजनिक स्थानों पर कचरा न फेंकें तथा नगर पालिका द्वारा निर्धारित यूजर चार्ज का नियमित भुगतान करें।

माताओं को पोषण, किशोरियों को स्वच्छता और बच्चों को ऊपरी आहार की सीख

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

बागबाहरा ब्लॉक के खम्हरिया सेक्टर के ग्राम अमेठी स्थित आंगनबाड़ी केंद्र में समुदाय के लोगों के लिए आंगन मिलन समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में गर्भवती महिलाओं, शिशुवती माताओं, किशोरी बालिकाओं और बच्चों के पोषण एवं स्वास्थ्य को लेकर जागरूकता पर विशेष जोर दिया गया। ग्रामीण महिलाओं को स्थानीय स्तर पर उपलब्ध पौष्टिक खाद्य पदार्थों को दैनिक आहार में शामिल करने तथा बच्चों के खान-पान को लेकर सावधानी बरतने की



जानकारी दी गई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सरपंच प्रमोद साहू रहे। वहीं सक्रिय महिला किरण यादव और पंच किरण खड़िया सहित अन्य अतिथि मौजूद रहे। आंगनबाड़ी कार्यकर्ता सरोज चंद्राकर ने गर्भवती एवं शिशुवती महिलाओं तथा किशोरी बालिकाओं को पोषण आहार से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारी दी।

समारोह में महिलाओं को बताया गया कि शरीर को आवश्यक पोषक तत्व उपलब्ध कराने के लिए भोजन में मूंगा भाजी, लाल भाजी, हरी सब्जियां, फल, अंकुरित चना, फल्ली, गुड़ और मूंग जैसे पौष्टिक खाद्य पदार्थों को शामिल करना चाहिए। गर्भवती महिलाओं और शिशुवती माताओं के लिए संतुलित एवं पौष्टिक आहार के महत्व पर विशेष रूप से चर्चा की गई। महिलाओं में खून की कमी से बचाव के लिए आयरन युक्त आहार लेने की भी जानकारी दी गई। कार्यक्रम में किशोरी बालिकाओं के स्वास्थ्य को भी प्रमुखता दी गई। उन्हें माहवारी के दौरान व्यक्तिगत स्वच्छता बनाए रखने, स्वच्छता संबंधी सावधानियों का पालन करने और इस दौरान स्वास्थ्य का विशेष ध्यान रखने की जानकारी दी गई। बालिकाओं को माहवारी से जुड़ी सामान्य स्वास्थ्य संबंधी बातों को लेकर जागरूक रहने का संदेश दिया गया।

छह माह बाद बच्चों को दें ऊपरी आहार

आंगनबाड़ी कार्यकर्ता ने माताओं को बताया कि बच्चे के छह माह की उम्र पूरी होने के बाद केवल दूध पर निर्भर रहने के बजाय उम्र के अनुरूप ऊपरी आहार शुरू करना जरूरी है। बच्चों के शारीरिक एवं मानसिक विकास के लिए पौष्टिक और संतुलित आहार देने पर जोर दिया गया। मुख्य अतिथि सरपंच प्रमोद साहू ने भी महिलाओं में खून की कमी से बचाव के लिए आयरन एवं पौष्टिक आहार की जानकारी साझा की। उन्होंने माताओं से बच्चों को चिप्स, कुरकुरे और पैकेज्ड खाद्य पदार्थों से दूर रखने तथा उनके स्थान पर पौष्टिक एवं घर में उपलब्ध खाद्य पदार्थ देने की अपील की।

कार्यक्रम में आंगनबाड़ी कार्यकर्ता त्रिवेणी निषाद, लक्ष्मी ध्रुव, लक्ष्मी यादव, उर्मिला नागेश, नंदनी यादव, टिमेश्वरी चंद्राकर, बुधियारिन ध्रुव, नर्मदा यादव, कृष्णा निषाद, चमेली पटेल, हठियारिन खड़िया, तुलसी यादव, गीता साहू, अश्वनी ध्रुव, कामतु साहू, तिलेश्वरी ध्रुव, जमुना यादव, पदमा नागेश, जानकी निषाद, प्रिया पटेल, कुमारी यादव, प्रीति ध्रुव, त्रिवेणी निषाद, जागेश्वरी यादव और संजना यादव सहित बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

